Seventeenth Loksabha

an>

Title : Regarding CBI inquiry into alleged kidnapping of a youth in Pali, Rajasthan -laid.

श्री देवजी पटेल (जालौर): पाली के सुमेरपुर तहसील के नेतरा गांव के 16 वर्षीय युवक जो कि 23 नवम्बर, 2016 के दिन फालना क्लासेस गया था, उसके बाद वापस घर नहीं लौटा। अज्ञात लोगों द्वारा युवक का अपहरण करने के संबंध में पुलिस थाना फालना में एफआईआर 152/2016 दर्ज हैं । अपहरणकर्ताओं द्वारा कई बार फिरौती के पत्र भी घर पर भेजे गए परिवारजनों ने 25 लाख रूपये लेकर बताये गये स्थान पर गए लेकिन वहां पर कोई नहीं मिला। उक्त प्रकरण में स्थानीय प्रशासन एवं राजस्थान सरकार को अवगत करवाने के बाद अभी तक कार्यवाही नहीं हुई । जिससे युवक के परिवारजन निराश है, क्योंकि वह अपने माता पिता का इकलौता बेटा एवं तीन बहिनों का एक भाई था, लंबे समय से उनका सुराग नही मिलने से परिवारजनों का रो रो कर बुरा हाल है । उक्त प्रकरण का खुलासा न होने से प्रदेश में राजपुरोहित समाज सहित सामाजिक संगठनों में भी गहरा रोष व्याप्त हैं। इसलिए उक्त प्रकरण की केंद्र सरकार से अनुरोध है कि सी बी आई द्वारा जांच करवा कर परिवार को न्याय दिलाए ।